एक नजर में

## नेहरू मार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था के बुरे हाल



**झाबुआ।** शहर के व्यस्ततम आजाद चौक से राजवाड़ा जाने वाले नेहरू मार्ग पर ट्रेफिक्र व्यवस्था के बुरे हाल रहते है। इस मार्ग पर बैंकों के साथ कई महत्वपूर्ण कार्यालय है तथा दुकानों के बाहर दो पहिया वाहन चालकों द्वारा बेतरतीब वाहन खड़े किए जाते है। जिससे मार्ग पर बार-बार जाम की स्थिति निर्मित होती है। मार्ग पर यातायात की स्थिति इतनी अधिक खराब रहती है कि पैदल चलने वाले लोगों को भी निकलने में दिक्कते आती है। वहीं भारी वाहनों के प्रवेश से भी अक्सर जाम लगता है। सड़क के दोनो और बेतरतीब दो पहिया वाहन खड़े रहते है और भारी वाहनों का आवागमन भी दिनभर जारी रहता है। जिसके कारण यहां की ट्रेफिक्र व्यवस्था बार-बार बिगड़ती रहती है। कई बार वाहन चालकों के बीच विवाद भी होते है। यातायात पुलिस को चाहिए कि राजवाड़ा के आसपास कहीं पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाएं एवं इस मार्ग के दोनो बेरीकेट्स लगाकर तथा यातयात जवान की तैनाती कर बड़े वाहनों के प्रवेश को रोका जाएं।

## आचार्यश्री विश्वरत्न सागर का प्रवेश जुलूस आज

इन्दौर. आचार्यश्री नवरत्न सागर सूरीश्वरजी के कृपा पात्र शिष्य आचार्य विश्वरत्न सागर सूरीश्वरजी का चातुर्मास 18 साल बाद इन्दौर की पावन धरा पर होने जा रहा है. नृसिंह वाटिका में आयोजित होने वाले चातुर्मास की तैयारियां भी अंतिम दौर में है. आचार्यश्री चातुर्मास के दौरान दो माह तक नृसिंह वाटिका में प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे. प्रतिदिन होने वाली धर्मसभा में आचार्यश्री धर्म और समाज के सामने खड़ी चुनौतियों से निपटने का प्रबुद्ध मार्गदर्शन श्रावक-श्राविकाओं को देंगे. श्री अबुर्द गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट एवं चातुर्मास समिति संयोजक पुण्यपाल सुराणा एवं कैलाश नाहर ने बताया कि आचार्यश्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वरजी मसा अपने 80 साधु-साध्वी भगवंतों के साथ सोमवार 30 जून को नगर प्रवेश करेंगे. प्रात: 7.30 बजे 60 फीट रोड़ स्थित रतनबाग से गाजे-बाजे के साथ मंगल प्रवेश जुलूस निकलेगा. जुलूस में इन्दौर सहित अन्य प्रदेशों के गुरू भक्त भी बडी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे. इसी के साथ समग्र जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ, श्री जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार से जुड़े युवा भी गुरूवर की अगवानी करेंगे। रतनबाग जिनालय से निकलने वाला नगर प्रवेश जुलूस विभिन्न मार्गों से होते हुए कालानी नगर उपाश्रय पहुंचेगा। जहां आचार्यश्री धर्मसभा को संबोधित करेंगे। नगर प्रवेश जुलूस के लाभार्थी श्रीमती कलावतीदेवी-सोहनलाल खिंदावत परिवार हैं.

## महेश जनसेवा ट्रस्ट ने किया डॉ. चौधरी का सम्मान

इंदौर. श्री महेश जनसेवा ट्रस्ट द्वारा पिछले अनेक वर्षों से जरूरतमंद मरीजों की आंखों के निशुल्क ऑपरेशन प्रख्यात नेत्र विशेषज्ञ डॉ. राजीव चौधरी एवं उनके सहयोगियों की मदद से कराए जा रहे हैं. एक गरिमापूर्ण समारोह में महेश जनसेवा ट्रस्ट की ओर से डॉ. चौधरी की निस्वार्थ और पीड़ित मानवता के हित में की जा रही सेवाओं के लिए कंचनबाग स्थित चिकित्सालय पर सम्मान किया गया. इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश पसारी, सचिव गौरीशंकर लखोटिया, उमाशंकर बिहाणी तथा समन्वयक संजय मानधन्या, सीए जयंत गुप्ता, प्रबंध समिति के सदस्य मुकेश कचोलिया, निर्मल बागड़ी, राजकुमार साबू एवं अस्पताल स्टाफ के सदस्य भी उपस्थित थे. अध्यक्ष पसारी ने डॉ. चौधरी द्वारा मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन करने और महेश नवमीं के अवसर पर सेवा प्रकल्प के लिए डॉ. चौधरी को शाल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया.

## पौधों को संरक्षित करने का लिया संकल्प

महू. युवा मंच धारनाका तथा सामाजिक विचार मंच महू के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को सुपर सिटी कालोनी में पौधारोपण किया गया. पौधे इंदौर की संस्था ऋषिराज द्वारा उपलब्ध कराए गए। इस दौरान युवा मंच के संरक्षक डा. राम आशीष शुक्ला ने पौधारोपण में उपस्थित रहवासियों से कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक मनुष्य की नैतिक जिम्मेदारी है. इसके लिए हमें आगे आना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए. आज पीपल, जामुन, बरगद, सिंदूर, जाम आदि के कुल 51 पौधे लगाए और उनका संरक्षण करने का संकल्प भी लिया. इस अवसर पर युवा मंच के सचिव जे.बी. सिंह, सामाजिक विचार मंच के डा. अनुपमा श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, रामबाबू तिवारी, प्रकाश पांडे, संजय गुप्ता, अमर शर्मा, धनंजय सिंह, शैलेंद्र तिवारी, कैलाश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे.

## राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

महू. महू पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के विटरनरी एनाटामी एवं हिस्टोलाजी विभाग द्वारा आयोजित छह दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ. यह प्रशिक्षण एनाटामिकल स्पेसिमेन प्रिपरेशन, स्पीशीज आइडेंटिफिकेशन एवं प्रयोगशाला तकनीकें विषय पर आयोजित किया गया था, जिसमें विभिन्न भागों एवं विभिन्न विधाओं से आए से 25 वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जबलपुर के नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. मनदीप शर्मा की स्वीकृति, सतत मार्गदर्शन एवं अकादमिक प्रोत्साहन तथा महाविद्यालय अधिष्ठाता डा. ब्रह्म प्रकाश शुक्ल के सक्रिय सहयोग एवं दिशानिर्देशन से संभव हुआ. प्रशिक्षण संयोजक डा. योगिता पांडेय एवं आयोजक डा. सुनील कुमार गुप्ता थे. समापन समारोह के मुख्य अतिथि, मेडिसिन विभाग प्रमुख डा. एचके मेहता ने कहा कि 卐ऐसे प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल शिक्षण और अनुसंधान को नई दिशा देते हैं, बल्कि स्वरोजगार के नए द्वार भी खोलते हैं. प्रशिक्षण निदेशक डा. योगिता पांडेय ने कार्यक्रम का सारांश प्रस्तुत किया. आयोजक डा. सुनील कुमार गुप्ता ने विश्वविद्यालय के कुलगुरु, निदेशकगण, अधिष्ठाता, सहयोगी शिक्षकों, आयोजन समिति तथा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार माना. संचालन डा. राखी गांगिल एवं डा. श्वेता राजोरिया ने किया. प्रशिक्षण सफल बनाने के लिए डा. अलका सुमन एवं डा. विक्रम कुशवाहा ने योगदान दिया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी डा. दीपक गांगिल ने दी.

## आईसीएसआई का स्टूडेंट मंथ कल से

इंदौर. भारतीय कंपनी सचिव संस्थान देशभर में अपने छात्रों के लिए 1 जुलाई से 31 जुलाई तक स्टूडेंट मंथ मना रहा है. भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) का इंदौर चैप्टर जुलाई 2025 में पूरे माह भर चलने वाले स्टूडेंट मंथ का आयोजन करने जा रहा है. इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस अमित कुमार बारंगे ने बताया कि छात्र माह के दौरान कुल 23 गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जो छात्रों के समग्र विकास में सहायक होंगी. इन गतिविधियों को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि छात्र स्वयं को बेहतर तरीके से प्रस्तुत करना सीखें और व्यावसायिक कौशल का भी विकास करें. स्टूडेंट्स फैसिलिटेशन कमेटि इंदौर के चेयरमैन पलाश जैन ने बताया कि प्रस्तावित गतिविधियों में वन महोत्सव (पौधारोपण), रक्तदान शिविर, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राइटिंग, मॉक इंटरव्यू, स्वच्छ भारत अभियान, समाधान दिवस, आर्टिकल राइटिंग कॉम्पिटिटिव , बुक रिव्यु कॉम्पीटीशन, फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम आदि शामिल हैं. सभी गतिविधियों के लिए पंजीकरण नि:शुल्क है, और इच्छुक छात्र आईसीएसआई इंदौर चैप्टर की वेबसाइट के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं. यह आयोजन छात्रों को संस्थान से जुड़ाव का अनुभव देगा और उनके व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक समझ को और अधिक मजबूत करेगा. इंदौर चैप्टर सभी छात्रों से आग्रह करता है कि वे इस प्रेरणादायी महीने का हिस्सा बनें और विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लें.

# पीएमश्री शासकीय कन्या विद्यालय में ड्यूप्लेक्स भवन का कार्य अधूरा

**झाबुआ।** शहर के नेहरू मार्ग पर पीएमश्री शासकीय कन्या उमा विद्यालय, जो जिले की छात्राओं के लिए अग्रणी स्कूल होकर विद्यालय में वर्तमान में ड्यूप्लेक्स भवन का निर्माण कार्य अधूरे में पड़ा है। विद्यालय में प्रतिवर्ष छात्राओं की संख्या में वृद्धि हो रहीं है। ऐसे में अधूरे पड़े द्वितीय मंजिला भवन का निर्माण कार्य जल्द ही पूर्ण करवाएं जाने की आवश्यकता है। इस विद्यालय का संचालन जनजातीय कार्य विभाग के माध्यम से होता है। विद्यालय में कक्षा 6टीं से 12वीं तक की क्लासे लगती है। जिसमें कक्षा 11वीं एवं 12वीं में कला, विज्ञान, गणित, गृह विज्ञान, वाणिज्य, कृषि संकाय के साथ हेल्थ एंड बूटिक संकाय भी संचालित होता है, जिसमें छात्राओं को रोजगार के अवसर मिल सके। विद्यालय में प्रतिवर्ष नवीन प्रवेश लेने वाले छात्राओं की संख्या में



बढ़ोत्तरी होती जा रहीं है। वर्तमान में विद्यालय में 17 कक्ष है, जो कक्षा 6टीं से 12वीं तक की छात्राओं के लिए पर्याप्त नहीं है। पिछले कुछ महीनों पूर्व विद्यालय के पास के कक्षों को तोड़कर यहां नवीन द्वितीय मंजिला भवन बनाने हेतु कलेक्टर के माध्यम से शासन को प्रस्ताव भेजने की कार्य योजना बनाई गई, लेकिन कक्षों को तो तोड़ दिया गया, लेकिन नवीन द्वितीय मंजिला भवन का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है।

कई नई सुविधाएं शुरू हो सकेगी- पीएमश्री शासकीय कन्या उमा विद्यालय में ड्यूप्लेक्स भवन का निर्माण होने के बाद यहां हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर की कक्षाओं का संचालन होने के साथ प्रयोगशाला के लिए अलग से कक्ष होने से छात्राओं को काफी सुविधा होगी। वहीं अन्य फेकेल्टियां भी शुरू की जाएगी। छात्राओं की सुविधा के मद्देनजर अधूरे पड़े द्वितीय मंजिला भवन निर्माण कार्य को जल्द ही पूर्ण करवाने की आवश्यकता है। पिछले वर्ष विद्यालय में छात्राओं की संख्या करीब 1 हजार 400 थी एवं वर्तमान में यह संख्या बढ़कर करीब 1 हजार 600 हो गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रशासनिक स्तर पर शासन को प्रस्ताव भेजकर जल्द ही निर्माण कार्य पूर्ण करवाने की मांग रखी गई है।

**इनका कहना है**-यह मामला कलेक्टर एवं जनजातीय कार्य विभाग के संज्ञान में है। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा शासन स्तर पर भोपाल प्रस्ताव भेजकर कार्य स्वीकृत करवाकर छात्राओं के हित में जल्द ही कार्य पूर्ण करवाने की जरूरत है।

## 28 को देवझिरी से झाबुआ तक कावड़ यात्रा का होगा आयोजन

**झाबुआ।** मां नर्मदा कावड़ यात्रा समिति झाबुआ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष 5वीं कावड़ यात्रा का आयोजन श्रावण मास के तीसरे सोमवार 28 जुलाई को किया जाएगा। उक्त आयोजन को लेकर समिति की बैठक स्थानीय छोटा तालाब स्थित श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर संपन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में समिति के सदस्य रविराजसिंह राठौर एवं आशीष चतुर्वेदी ने बताया कि श्रावण मास में मां नर्मदा कावड़ यात्रा समिति भगवान भोलेनाथ की भक्ति एवं उनके प्रति आस्था को प्रकट करते हुए हर वर्ष कावड़ यात्रा का भव्य रूप से आयोजन करती है। जिसमें पुरूषों के साथ महिलाओं, युवा और बच्चों आदि सभी की सहभागिता रहती है। इस वर्ष यह यात्रा आगामी 28 जुलाई को निकाली जाएगी। सभी कावड़ यात्रियों के देवझिरी पहुंचने के लिए वाहन की व्यवस्था समिति की और से की जाएगी। सभी यात्री 28 जुलाई, सोमवार सुबह 7 बजे झाबुआ से देवझिरी के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां श्री संकट मोचन महादेव मंदिर में दर्शन बाद कुंड में मां नर्मदा नदी के अनवरत प्रवाहित हो रहे जल को कावड़ों में भरकर 'बोल बम, हर-हर बम' आदि जयघोष के साथ यात्रा की शुरूआत की जाएगी। यात्रा ढोल और बैंडबाजों के साथ निकाली जाएगी। यह यात्रा देवझिरी से मोहनपुरा, गडवाड़ा, किशनपुरी, कृषि उपज मंडी प्रांगण, राजगढ़ नाका से डीआरपी लाईन में श्री गोपेश्वर महादेव मंदिर पर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया जाएगा। यात्रा आगे चलकर नेहरू मार्ग, महाकालिका माता मंदिर परिसर, श्री गौवर्धननाथ मंदिर तिराहा, राजवाड़ा होते हुए श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर भी जलाभिषेक के साथ समापन होगा।



### आयोजन को लेकर द्वितीय बैठक 6 को

समिति के भेरूसिंह सोलंकी एवं सुनिल चौहान ने बताया कि यात्रा का भव्य रूप से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। जिसमें शहर में जगह-जगह होर्डिंग्स-बेनर आदि लगाने के साथ अन्य माध्यमों से भी प्रचार-प्रसार करने से अधिक से अधिक शिव भक्त सपरिवार इस यात्रा में शामिल हो सके। कावड़ यात्रा आयोजन को लेकर द्वितीय बैठक 6 जुलाई को श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर शाम 7 बजे से आयोजित होगी। मां नर्मदा कावड़ यात्रा समिति ने शहर के समस्त शिव भक्तों से सपरिवार इस यात्रा में शामिल होकर इसे भव्य और सफल बनाने हेतु आव्हान किया है। बैठक में समिति से जुड़े अशोक जैन, सोनू तिवारी, सदैवसिंह राठौर, संदीप परिहार, रोहित ठाकुर, राजेन्द्रसिंह चौहान, अरविंद त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।



## बी आर सी द्वारा बरवेट, बोलासा, जामली, रायपुरिया संकुल का आकस्मिक निरी क्षण किया

**पेटलावद।** कलेक्टर नेहा मीना द्वारा वी सी में दिए गए निर्देशानुसार खण्ड स्त्रोत समन्वय रेखा गिरी द्वारा ब्लॉक पेटलावद के संकुल केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान जीर्ण शीर्ण भवन वाले स्कूलों को आंगनवाड़ी भवन, सामुदायिक भवन, किराये के भवन, पंचायत भवन में शिफ्ट करवाया गया, पीएस पिपलीपाड़ा, महूडीपाड़ा को आंगनवाड़ी केंद्र, पीएस आम्बापाड़ा को किराये के भवन, पीठड़ी किचन शेड को अतिरिक्त भवन में,सिंगाड़ फ़लिया कचराखदान को किराये के भवन में शिफ्ट करवाया गया ।स्कूल की गुणवत्ता को जाँचा गया और मीनू अनुसार भोजन देने, भोजन सेम्पल रखने, समस्त रिकार्ड, माता पंजी बनाने हेतु संस्था प्रभारी और समूह के अध्यक्ष, सचिव को निर्देश दिए गए ।शाला का रिकॉर्ड, शिक्षक की उपस्थिति पंजी,पालक सम्पर्क पंजी, स्कूलों की साफ सफाई, पीने के पानी की स्वच्छता रखने हेतु भी निर्देश दिए।

शिक्षकों को समय पर शाला में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया तथा बिना पूर्व सूचना, अवकाश स्वीकृति के बिना कोई भी शाला में अनुपस्थित न रहें, बारिश में बच्चों का विशेष ध्यान रखा जावे।

*बालिका छात्रावास बोलासा का निरीक्षण किया गया। अधीक्षाकिा को निर्देशित किया गया कि बच्चों के उपस्थित बढ़ाये, साफ-सफाई का ध्यान रखें और मीनू अनुसार बच्चों को भोजन देवें, समस्त पंजीयो का संधारण करें. निरिक्षण के दौरान 26 बालिकाएं उपस्थित मिली। आवागमन और आगंतुक पंजी का संधारण करने हेतु कहा गया, बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं बालिकाओं के आईडी कार्ड बनवाने हेतु निर्देश दिए, भंडारण कक्ष की साफ सफाई हेतु भी निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान संकुल प्राचार्य,जन शिक्षक उपस्थित रहे।

## बीमारियों के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए

**झाबुआ।** कलेक्टर नेहा मीना द्वारा नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु नारकोटिक्स कोआर्डिनेशन की बैठक ली गई। बैठक में नशे के आदि व्यक्तियों को नशे की लत से छुटकारा दिलाए जाने के लिए जिले में नशीली दवाइयों, पदार्थों के सेवन से शारीरिक बीमारियों-दुष्प्रभावों के संबंध में जिले में व्यापक रूप से जनजागरुकता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले में एनीसीबी की सहायता से जागरूकता अभियान चलाये जाने हेतु मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण के लिए पुलिस विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग का चिन्हांकन कर वर्कशॉप कराये जाने के निर्देश दिये। मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण के उपरांत एनीसीबी गाइड लाइन के अनुसार स्कूल एवं कॉलेज में वृहद जागरूकता अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये। साथ ही सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से जिले में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशामुक्ति के संदेश दिये जाने हेतु कहा। संयुक्त दल के माध्यम से सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 (कोटपा) के





अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर की परिधि में स्थित दुकानों की जांच की जाए और सुनिश्चित किया जाए कि शैक्षणिक संस्थानों के नजदीक किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की बिक्री ना की जाए। समस्त शालाओ के आस पास कही पर भी कोई मादक पदार्थ नहीं पाया जाना चाहिएराष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन 卐मादक-पदार्थ निशुल्क औषध केंद्र卐 (मानस) को 24झ7, टोल-फ्री नंबर - 1933 राष्ट्रीय नारकोटिक्स कॉल सेंटर के रूप में बनाया गया है। राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन पोर्टल नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की एक परियोजना है, जिसका उद्देश्य पीड़ितों, नागरिकों को 24'7 तक नशीली दवाओं से संबंधित मुद्दों, शिकायतों की रिपोर्ट करने की सुविधा प्रदान करना है। यह पोर्टल केवल नशीली दवाओं से संबंधित मामलों से संबंधित शिकायतों को पूरा करता है। नशीली दवाओं की तस्करी, अवैध बिक्री, खरीद, भंडारण, निर्माण और नशीली दवाओं या मनोदैहिक पदार्थों की अवैध खेती सहित नशीली दवाओं से संबंधित मामले। प्रदान की गई जानकारी की एनीसीबी अधिकारियों द्वारा तुरंत समीक्षा की जाएगी। सूचना देने वाले, नागरिक की पहचान गुप्त रखी जाएगी। इस दौरान जिपं सीईओं जितेन्द्रसिंह चौहान, अति. पुलिस अधीक्षक पीएल कुर्वे, जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया सहित संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

## शहरवासियों को देंगे नशामुक्ति का संदेश

इंदौर. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो भारत सरकार एवं मेडिकल विंग राजयोग फाउंडेशन के संयुक्त प्रावधान में नशा मुक्ति भारत अभियान का जनमानस को नशा मुक्त होने का संदेश देते हुए ज्ञान युक्त सुसज्जित रथ का प्रवेश इंदौर में हुआ.

सर्वप्रथम अन्नपूर्णा नगर में इसका स्वागत नगर निगम के एमआईसी सदस्य बबलू शर्मा द्वारा किया गया. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इस संदेश की बहुत आवश्यकता है कि नशे से दूर रहने में मनुष्य का स्वास्थ्य ठीक रहता है और स्वस्थ मनुष्य ही समाज देश एवं इसका निर्माण कर सकता है. आपने सभी उपस्थित जनों से इसमें सहयोग देने का संकल्प कराया एवं खुद भी संकल्प किया. अन्नपूर्णा नगर में संदेश देने के पश्चात यह रथ राजेंद्र नगर पहुंचा राजेंद्र नगर में इसका स्वागत पार्षद प्रशांत बडवे ने किया.

एक नजर — आरएसएस की स्थापना 27 सितंबर 1925 को नागपुर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पूरे देश में शताब्दी वर्ष को उत्सव के रूप में मना रहा

**झाबुआ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का मासिक बौद्धिक एकत्रिकरण कार्यक्रम स्थानीय शगुन गार्डन में 29 जून की रात 8 बजे से आयोजित हुआ। जिसमें वक्ता के रूप में आरएसएस के नगर प्रचारक जयंत चंदेल उपस्थित रहे एवं मंच पर झाबुआ नगर संघ चालक प्रेमअदीपसिंह पंवार भी आसीन रहे। प्रारंभ में भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण कर संघ गीत गाया गया। बाद वक्ता के रूप में उपस्थित आरएसएस के नगर प्रचारक जयंत चंदेल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक की स्थापना 27 सितंबर 1925 को विजयादशमी के दिन महाराष्ट्र के नागपुर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा की गई। आरएसएस को आज 100 वर्ष पूर्ण हो चुके है। इन 100 वर्षों के सफर में आरएसएस के सभी स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा है। हमे संघ के शताब्दी वर्ष को उत्सव के रूप में मनाना है। आपने



इस दौरान किए जाने वाले कार्यों के बारे में भी बताया। नगर प्रचारक चंदेल ने डॉ. बलिराम हेडगेवार के जीवन के बारे में विस्तार से बताया एवं कहा कि सन् 1925 में छोटे स्तर पर संघ की स्थापना हुई, तब से लेकर आज आरएसएस पूरे देश में बड़े पैमाने पर विशाल वट वृक्ष के रूप में तब्दील हो चुका है। जिसमें आरएसएस के सभी स्वयं सेवकों का पूर्ण समर्पण रहा है। समर्पण चार प्रकार से होता है तन, मन, धन एवं समय का समर्पण। इन चारों समर्पण से कोई भी संस्था चलती है। आपने उपस्थित स्वयं सेवकों से आरएसएस के सभी कार्यक्रमों और शाखाओं में नियमित रूप से आने हेतु आव्हान किया।

हिन्दू शक्ति को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति बनाना है-नगर प्रचारक चंदेल ने बताया कि आज हिन्दू समाज जाति और पंथ में बंट गया है और आपसी राग-द्वेष होने से एकत्रितरण नहीं हो पा रहा है, लेकिन हिन्दूओं को एकजुट होकर राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में तब्दील होना है। हम सभी को शताब्दी वर्ष को उल्लासपूर्वक मनाना है। संघ के सभी कार्यक्रमों में नियमित रूप से समय देकर तन-तन से सहयोग प्रदान करना है। आपने भगवान श्रीराम एवं श्री कृष्ण का उदाहरण देकर हिन्दू धर्म की एकजुटता पर बल दिया। बौद्धिक कार्यक्रम एक घंटे तक चला। प्रार्थना एवं ध्वज वंदन के साथ समापन हुआ।